# दस दिन पहले बनी नसिया रोड की परत उखड़ी, पेवर ब्लॉक धंसे

नवभारत

**इंदौर.** शहर में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं. नसिया रोड पर करीब 10 दिन पहले बिछाए गए पेवर ब्लॉक अब जगह-जगह धंसने लगे हैं. सड़क की सतह असमतल होने से कई हिस्सों में लहरदार गड्ढे और उखड़ी हुई परत दिखाई दे रही है. व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है. सड़क की मौजूदा स्थिति को देखकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं. पेवर ब्लॉक के कई हिस्से नीचे धंस गए हैं, जबकि कुछ स्थानों पर सड़क की सतह उखड़ी हुई नजर आ रही है. इससे आशंका है कि निर्माण के दौरान बेस की पर्याप्त कुटाई और मजबूती पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया.




### व्यस्त मार्ग पर वाहन चालकों की परेशानी

नसिया रोड पर दिनभर बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही रहती है. सड़क के असमतल हिस्सों के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है. खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए अचानक बने ऊबड़-खाबड़ हिस्से जोखिम बढ़ा सकते हैं.

### लाखों के काम पर उठे सवाल

कुछ ही दिनों में सड़क की हालत खराब होने से निर्माण कार्य की निगरानी और गुणवत्ता जांच पर सवाल खड़े हो गए हैं. जरूरत है कि नगर निगम संबंधित कार्य की जांच कराए और खराब हिस्से को गुणवत्तापूर्ण तरीके से दोबारा दुरुस्त कराया जाए, ताकि मार्ग पर किसी बड़े हादसे की स्थिति न बने.

### कांग्रेसियों में उत्साह



शहर के एबी रोड पर स्थित भोलाराम उस्ताद मार्ग पर छात्रों के 1 लाख पंजीयन होने पर कांग्रेस ने राहुल गांधी का कटआउट लगाया।

## एक नजर में

### सवा लाख मोदक प्रसाद का निर्माण शुरू



**इंदौर.** खजराना स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर इस बार भी खजराना गणेश को भक्त मंडल की ओर से सवा लाख मोदक का प्रसाद समर्पित किया जाएगा. इसके लिए भक्त मंडल की ओर से मंगलवार से मंदिर पर मोदक निर्माण के काम का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट एवं पं. पुनीत भट्ट द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच किया गया. भक्त मंडल की ओर से वरुण पार्थ बागड़ी, कविश गोयल, सुभाष नायक एवं दिलीप सर के साथ मंदिर के प्रबंधक घनश्याम शुक्ला, सहायक गौरीशंकर मिश्रा एवं भक्त मंडल से जुड़े अनेक श्रद्धालु इस मौके पर उपस्थित थे. श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी एवं कैलाश पंच ने बताया कि शहर के प्रसिद्ध रसोइये खेमजी महाराज और उनके 20 सहयोगी मंगलवार से 8 सुपर भट्टियों पर मोदक निर्माण में जुट गए हैं. मोदक का निर्माण पूरे 5 दिनों तक लगातार 13 सितम्बर की रात तक चलेगा। 14 सितम्बर को सुबह 10 बजे मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर शिवम वर्मा तथा मंदिर प्रशासक एवं निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में ध्वजा पूजन के साथ गणेशजी को सवा लाख मोदक का भोग समर्पित किया जाएगा।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**इंदौर.** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोईथराम नेत्रालय आरोग्य भारती संस्था के संयुक्त तत्वाधान मे नीलाआकाश हायर सेकेंडरी स्कूल टिकरीया बादशाह मेन रोड पर नेत्र शिविर आयोजित किया गया. ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 260 मरीजों ने लाभ लिया. 24 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन चोईथराम हॉस्पिटल में नि:शुल्क होंगे. जरूरतमंद को 115 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए. इस शिविर के मुख्य लाभार्थी सतीश जी, लता हेगड़े, मुम्बई परिवार इन्दौर है. ग्रुप के समाज सेवी, सुभाष गोखरु, डॉ. जितेन्द्र पारख, किरण संचेती, अरविन्द चौधरी, महेश डकोलिया, पारस कटारिया, भंवरलाल कसावा, चन्द्र कुमार फ़तेपुरिया, डॉ आर एन मिश्रा, शिव नारायण मिश्रा, वीर सिंह यादव, डॉ. पवन गुप्ता, प्रभाकर कोहेकर, तेज सिंह बेस आदि का भरपुर सहयोग रहा.

### वामा क्लब ने शिक्षिकाओं का किया सम्मान



**इंदौर.** शिक्षक दिवस के अवसर पर वामा क्लब की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया. इसमें वयोवृद्ध शिक्षिकाओं सुधा चौहान और प्रतिभा व्यास को सम्मानित किया. कार्यक्रम में क्लब की अन्य सदस्याओं राजेश्वरी, मीना विश्वकर्मा, रामा राजोरिया, मधु गिरधारनी और साधना शर्मा का भी सम्मान किया. क्लब अध्यक्ष उषा शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करना समाज की जिम्मेदारी है.

### हिंसा करें कम, आत्मशुद्धि की ओर बढ़ें



**इंदौर.** संकल्पमय चातुर्मास-2026 के अंतर्गत पर्युषण पर्व के प्रथम दिन धर्म, तप और आत्मचिंतन का विशेष वातावरण रहा. धर्मसभा में श्रद्धालुओं ने आगम वाचन, भजन और प्रवचन के साथ पर्युषण पर्व का स्वागत किया। साध्वी डॉ. कुमुदलता महाराज साहब ने पर्युषण के प्रथम दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आज के प्रवचन का विषय पर्युषण का वेलकम—हिंसा करें कम रखा. उन्होंने श्रद्धालुओं को हिंसा के भावों को कम कर संयम, करुणा और आत्मशुद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया. साध्वी पद्मकीर्तिजी ने पर्युषण के प्रथम दिन अंतकृत दशांग सूत्र का वाचन किया. वहीं साध्वी महाप्रज्ञाजी ने जैनों का त्योहार आया पर्युषण भजन की सुंदर प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. पर्युषण पर्व के प्रथम दिन साध्वी मंडल को कल्पसूत्र आगम बहोराया गया. इसके लाभार्थी दिलीपी-अलका जैन परिवार रहे. पर्युषण के प्रथम दिन कैबिनेट मंत्री कैलाशजी विजयवर्गीय भी धर्मसभा में पधारे. उन्होंने साध्वी मंडल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सभा को संबोधित करते हुए पर्युषण पर्व के दौरान अधिक से अधिक जाप, तप एवं धर्माराधना करने का संदेश दिया. संचालन जिनेश्वर जैन ने किया. पर्युषण के प्रथम दिन धर्मसभा में आगम, भक्ति, प्रवचन और तपस्या के माध्यम से श्रद्धालुओं को आत्मशुद्धि एवं संयम की ओर बढ़ने का संदेश मिला.

### प्री इनक्यूबेशन हैकथॉन में चमेली देवी की टीम विजेता




**इंदौर.** मप्र विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद एवं एसजीएसआईटीएस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीनटेक प्री इनक्यूबेशन हैकथॉन एवं आईडिएशन चैलेंज में क्वांटम हाइब्रिड शिपमेंट परियोजना के लिए चमेली देवी पब्लिक स्कूल की टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है. विद्यालय की इस टीम में कक्षा 12वीं के छात्र सारांश तिवारी, पूर्विज परमार, अरिंजय पाल एवं राज बुंदेला ने प्रतिनिधित्व किया। स्पर्धा में शहर के 70 से अधिक कॉलेज टीमों ने भाग लिया। इनमें एकमात्र चमेली देवी पब्लिक स्कूल ने यह पुरस्कार हासिल किया। स्कूल के छात्रों द्वारा तैयार एवं प्रस्तुत परियोजना को तकनीकी नवाचार एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सर्वश्रेष्ठ माना गया और निर्णायक मंडल के अनुसार इसके पेटेंट एवं आगे के विकास के लिए मप्र विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद की ओर से भी सहयोग प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया गया.

### मुनिसुव्रत स्वामी जैन मंदिर पर पर्युषण महोत्सव का शुभारंभ

**इंदौर.** एलआईजी लिंक रोड स्थित अनुराग नगर में गच्छाधिपति विज्ञानप्रभ सूरीश्वर की प्रेरणा और साध्वी भव्यप्रभाश्रीजी आदिठाणा 4 की निश्रा में अध्यात्मलक्षी चातुर्मास महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को हुआ. मंदिर पर इस दौरान 15 सितम्बर तक प्रतिदिन तप, तपस्या, प्रवचन, प्रतिक्रमण, पौषध, देरासर पूजा विधि, शक्रोस्तव पक्षाल एवं श्रावक-श्राविकाओं के लिए विधि-विधान से विभिन्न क्रियाएँ आयोजित होगी. पर्युषण में प्रतिदिन आरती, आंगी, नए-नए संगीतकारों के साथ रात्रि को 8 से 10 बजे तक भक्ति संगीत के आयोजन भी होंगे.

## हिंदी विद्यालय के नए भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ

**इंदौर.** ताजनगर शासकीय उर्दू माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को हिंदी विद्यालय के नए भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ. महापौर पुष्यमित्र भार्गव और क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया ने गेती चलाकर निर्माण कार्य की शुरुआत की. पार्षद रुबीना इकबाल खान के पार्षद प्रतिनिधि आसिफ खान ने बताया कि क्षेत्रीय पार्षद रुबीना इकबाल खान की मांग पर करीब 1 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। पुराने उर्दू विद्यालय भवन में आवश्यक मरम्मत कार्य भी कराया जाएगा. कार्यक्रम में विधायक महेंद्र हार्डिया ने घोषणा की है कि अगले शैक्षणिक सत्र से विद्यालय को हिंदी माध्यम की मान्यता दिलाने के साथ इसे कक्षा 10वीं तक किए जाने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी. वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी मोहम्मद इकबाल खान ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है.



## जनसुनवाई में 78 शिकायतें : अधिकारियों को मौके पर निराकरण के निर्देश

- पारिवारिक विवाद से लेकर साइबर ठगी, जमीन और लोन धोखाधड़ी के आवेदन पहुंचे
- पुलिस कमिश्नर ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस कमिश्नर कार्यालय में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 78 आवेदन पहुंचे. इनमें पारिवारिक विवाद, लोन के नाम पर धोखाधड़ी, पैसों के लेन-देन, साइबर व वित्तीय फ्रॉड, जमीन-मकान से जुड़ी धोखाधड़ी और महिला अपराध की शिकायतें शामिल थीं. पुलिस कमिश्नर ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए.**



जनसुनवाई के दौरान पति-पत्नी, बेटा-बहू के बीच विवाद और आपसी मतभेद से जुड़े आवेदन भी आए. इसके अलावा कुछ लोगों ने शिकायतों पर सुनवाई नहीं होने की बात भी पुलिस अधिकारियों के सामने रखी. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को कुछ मामलों में मौके पर और कुछ में फोन के माध्यम से कार्रवाई के निर्देश दिए. अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा. जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी सहित सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों में कार्रवाई शुरू की. पारिवारिक विवादों के मामलों में पुलिस मध्यस्थता केंद्रों के माध्यम से काउंसलिंग भी करा रही है. इसके जरिए आपसी विवादों को बातचीत से सुलझाने और मामलों का शांतिपूर्ण निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है.

## वीर गोगादेव प्रकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**इंदौर.** इंदौर शहर वाल्मीक पंचायत एवं अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् म. प्र. के संयुक्त तत्वावधान में 81वां आराध्य वीर गोगादेव प्रकटोत्सव अहिंसावादी वाल्मीक समाज की ओर से हर्षोल्लास से मनाया गया.



शहर वाल्मीक पंचायत के अध्यक्ष राहुल राठौर, गोगादेव प्रकटोत्सव समिति के संयोजक चौधरी वीरेंद्र सिंह लोट, अध्यक्ष नविन जी चीरावंडे (खलीफा) व सचिव आदित्य ने बताया कि परिषद् एवं पंचायत द्वारा स्वागत मंच से वाल्मीकि कलाकारों द्वारा गोगादेव जी के जीवन चरित्र की झांकी और कलाकारों द्वारा झंडे निशानों की आकर्षक सेहरा कटिंग और विद्युत् सज्जा एवं वाल्मीकि अखाडो के कलाकारों को भी शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया. प्रथम पुरस्कार इंदौर शहर वाल्मीक पंचायत के संस्थापक स्व. नाथूलाल जी लोट की स्मृति में विश्वनाथ धाम कॉलोनी, खजराना वाल्मीक बस्ती के झंडे निशान को श्रेष्ठ झांकी के लिए भगत कुलदीप चांगरे को दिया गया. द्वितीय पुरस्कार पलासिया के नस्तर मंडल को सेहरा कटिंग के लिए अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् के संस्थापक स्व. के एल बालगोहार की स्मृति में भगत प्रकाश जी मेहना के दल को दिया गया. तृतीय पुरस्कार चंदा नीमची उस्ताद के दल गाडीअडडा को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इंदौर शहर वाल्मीक पंचायत के वरिष्ठ सदस्य स्व. छगनलाल बिलरवान जी की स्मृति में भगत पवन जी गोहर को दिया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् के राष्ट्रिय सचिव चौ. भूपेंद्र सिंह जी लोट ने की. संचालन इंदौर शहर वाल्मीक पंचायत के कोषाध्यक्ष रवि बिलरवान एवं भजन गायक नीरज चौहान ने किया. आभार इंदौर शहर वाल्मीक पंचायत के संदीप जी शिंदे ने माना.

## गुरु अच्छा हो तो शिष्य भी होते हैं प्रतिभाशाली और महान

**इंदौर.** जब गुरु अच्छा हो तो उसके शिष्य भी प्रतिभाशाली और महान होते हैं. जैसे सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन, जिनके नाम पर यह शिक्षक दिवस मनाया जाता है. उनके पारंपरिक गुरु के बारे में तो जानकारी नहीं है, किन्तु उनके वैचारिक और दार्शनिक गुरु स्वामी विवेकानंद और कविवर रवीद्र नाथ ठाकुर रहे हैं. इसी प्रकार हमारे राष्ट्रपति डॉ .एपीजे अब्दुल कलाम, अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में स्व. विक्रम साराभाई को अपना गुरु मानते थे. यह एक योग्य गुरु ही था जिसके सानिध्य में कलाम ने हमारे देश को मिसाइल निर्माण के क्षेत्र में विश्व पटल पर अग्रणी बना दिया.




ये प्रेरक विचार शा. स्नातकोत्तर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. संतोष केशव जोशी ने समाज सेवा प्रकोष्ठ द्वारा शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, नेहरु-नगर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में व्यक्त किए. कार्यक्रम में जोशी एवं समाज सेवा प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा शाला के बच्चों की उपस्थिति में चौदह शिक्षको का शाल श्रीफल और मोमेंटों देकर सम्मान किया गया. कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षिका सीमा महाजन ने कहा कि शिक्षक ऐसा होना चाहिए जो बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ स्वयं भी बच्चों से कोई ना कोई शिक्षा ग्रहण करता रहे. कमला भाटिया (नानीजी) ने बच्चों को एक रोचक और प्रेरणाप्रद कहानी सुनाई. समाज सेवा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ साहित्यकार ब्रजेश कानूनगो ने बच्चों को जिज्ञासु होने की सलाह देते हुए कहा कि बच्चों को अपने शिक्षक से लगातार प्रश्न पूछते रहना चाहिए ,तभी वे अपने ज्ञान को विकसित कर पाएंगे. इस अवसर पर चंद्र्प्रकाश महावर ने भी विचार रखे. कार्यक्रम में समाज सेवा प्रकोष्ठ के सचिव सुबोध भोरास्कर तथा सुरेश रायकवार विशेष रूप से उपस्थित रहे. संचालन श्याम पांडे ने किया. आभार शाला प्रभारी चम्पा नामदेव ने माना.

## धूमधाम से मनाया कान्हा महोत्सव, उतर आई बृज की संस्कृति

### अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी सतरंगी संगठन के तत्वावधान में हुआ मनोहारी आयोजन

**इन्दौर.** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी सतरंगी सखी संगठन के तत्वावधान में रिंग रोड, स्कीम 71 स्थित सुरुचि गार्डन में कान्हा महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया जिसमें शारदा-प्रकाश अजमेरा एवं विनिता-मनीष काबरा के आतिथ्य में महिलाओं ने भगवान कृष्ण की लीलाओं और बृज की अनूठी संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को सम्मोहित बनाए रखा.



संगठन की अध्यक्ष रूचि सोमानी और सचिव नेहा भल्लिका ने बताया कि कान्हा महोत्सव संग भादौ मेले में विभिन्न प्रकार के स्टाल्स एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए. संगठन की संरक्षक सुनीता जाखेटिया, सरिता सोडानी एवं पूजा तोतला के मार्गदर्शन में आशा झंवर और अनिता साबू सहित संगठन की बहनों ने राधाकृष्ण संग महारास, मैया यशोदा और कान्हा के फैशन शो, भजन, अन्ताक्षरी और भगवान कृष्ण की मनोहारी झांकियों की स्पर्धा जैसे आयोजनों में भी बहनों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और पुरस्कार भी जीते. इस आयोजन के माध्यम से संगठन से जुडी सखियों ने भारतीय संस्कृति, भक्ति और उत्सव की आनंदमयी भावना में रच-बसकर कान्हा महोत्सव का आनंद लिया. अतिथियों ने भी इस सुंदर आयोजन के लिए संगठन की पदाधिकारियों का अभिनन्दन किया. अतिथियों को स्मृति चिन्ह रूचि सोमानी, नेहा भल्लिका, आशा झंवर एवं अनिता साबू ने भेंट किए.

## साधुमार्गी जैन समता संघ की मेजबानी में तीन स्थानों पर पर्युषण महोत्सव शुरू

**इंदौर.** साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में मंगलवार से 14 सितम्बर तक पर्युषण महापर्व मनाया जा रहा है. आज सुबह विंध्याचल नगर स्थानक पर शासन दीपक पदम मुनि, गुमास्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक परिसर पर शासन दीपक आदित्य मुनि आदिठाणा 3 और यशवंत निवास रोड स्थित समता भवन पर शासन दीपिका श्रीकांताश्रीजी के सानिध्य में पर्युषण महोत्सव का शुभारंभ हुआ. आज से ही इन तीनों स्थानों पर बाहर गाँव से पढने के लिए इंदौर आए एकासन, बियासना, चौविहार करने वाले छात्रों के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था का शुभारम्भ भी हुआ. तीनों स्थानों पर प्रतिदिन सुबह 11 से 12.30 एवं शाम 5 से 6.15 बजे तक भोजन सेवा उपलब्ध रहेगी.साधुमार्गी जैन समता संघ के अध्यक्ष पारस बोहरा एवं मनीष बोहरा ने बताया कि आचार्य भगवंत रामलाल के आज्ञानुवर्ती शासन दीपक आदित्य मुनि म.सा. के सानिध्य में 8 से 15 सितम्बर तक गुमास्ता नगर स्थित मुकुल मांगलिक परिसर पर प्रतिदिन सुबह 6.45 से 7.15 बजे तक भक्तामर पाठ एवं प्रार्थना, सुबह 8.30 से 9.15 बजे तक अंतगढ़ सूत्र का वाचन, 9.15 से 10.15 तक प्रवचनों की अमृतवर्षा, सुबह 11 से दोपहर 12.30 बजे तक बाहर गाँव से पढने आए विद्यार्थियों के लिए एकासन, बियासना एवं चौविहार करने वालों के लिए निशुल्क भोजन, दोपहर 2 से 3.30 बजे तक ज्ञान बढाएं-आनंद पाएं कार्यक्रम, शाम 6.40 बजे से प्रतिक्रमण और रात 8 से 9.30 बजे तक स्वाध्याय एवं भक्ति के आयोजन होंगे.

**एक नजर में** — सैकड़ों महिलाओं ने व्रत का उद्यापन भी किया

## बछ बारस पर गौशाला में महिलाओं ने किया गाय-बछड़े का पूजन

**इंदौर.** अहिल्या माता गोशाला पर मंगलवार को बच्छ बारस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया. विभिन्न समूहों में आई करीब दो हजार महिलाओं ने यहां विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गाय-बछड़े का पूजन कर उन्हें ज्वार, बाजरा, मक्का से बनी रोटियां एवं अन्य व्यंजन परोसे. सैकड़ों महिलाओं ने व्रत का उद्यापन भी आचार्य पं. मुकेश शास्त्री के निर्देशन में गोशाला में ही किया.



गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरूजी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि गौसेवा भक्त मंडल के द्वारा गौशाला पर व्रत के उद्यापन की समुचित व्यवस्था रखी गई थी. समाजसेवी राजकुमार साबू एवं अशोक ऐरन सहित अनेक गणमान्य अतिथि भी उत्सव में शामिल हुए. अनेक महिलाओं ने यहां आकर बच्छ बारस व्रत का उद्यापन भी किया. गोशाला परिसर में नि:शुल्क पूजन सामग्री, विद्वान पंडितों एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की गई थी. वैद्य माया शर्मा एवं राधिका माहेश्वरी ने बच्चों को स्वर्ण प्राशन विधि एवं माताओं के लिए गर्भ संस्कार शिविर में लाभान्वित किया. गोमाता को गो ग्रास देने हेतु हरे चारे, गो ग्रास लड्डु, सवा मण दलिया आदि का भोग भी लगाया गया. नंदी को भी पूजा गया. गो शाला की ओर से सी.के. अग्रवाल, पुष्पेन्द्र धनोतिया, गोपाल नीमा, पवन महिन्द्रे, संदीप महाजन, शरद चटर्जी, अर्चना माहेश्वरी, ज्योति नीमा, हेमलता पोरवाल एवं अन्य सहयोगी बंधुओं के सहयोग से यह उत्सवउत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. इस दौरान अहिल्यामता गौशाला की गायों और बछड़ों को विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया था. लगभग दो हजार महिलाओं ने गौशाला पहुँचकर इस उत्सव का पुण्य लाभ उठाया.



### सामूहिक उद्यापन किया, प्रतियोगिताओं में भी दिखा उत्साह

**इंदौर.** अग्रसेन क्लब द्वारा बछ बारस के अवसर पर आयोजित सामूहिक उद्यापन कार्यक्रम में करीब 800 महिलाएं शामिल हुई. इस दौरान महिलाओं ने विधि-विधान से गाय-बछड़े और पाटियों की पूजा-अर्चना कर बछ बारस का उद्यापन किया. 35 महिलाओं ने सामूहिक रूप से उद्यापन की रस्म पूरी की. धार्मिक आयोजन के साथ महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी हुई. श्रेष्ठ परिधान, श्रेष्ठ मेहंदी, श्रेष्ठ दोहा और श्रेष्ठ नृत्य प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. क्लब के प्रमुख परामर्शदाता एवं संस्थापक राधा देवी मित्तल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ महिलाओं को एकजुट करना भी था. वअतिथियों का स्वागत आशीष वंदना मित्तल ने किया.